

# प्रशिक्षण सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन–प्रपत्र को भरने के दिशा निर्देश


1. सर्वप्रथम आपको ***www.sso.rajasthan.gov.in*** पर जाकर अपनी **SSO ID** एवं **Password** और **Captcha** कोड डालकर लॉगिन करना हैं। जिन आवेंदकों ने **SSO ID** नहीं बना रखी हैं वे अभ्यर्थी ***Registration*** लिंक पर जाकर पहले अपनी **SSO ID** बना ले और फिर उपरोक्तानुसार लॉगिन करें।




2. लॉगिन करने के पश्चात् जो पेज सामने आयेगा उस पर **HTE Application** ऑप्शन पर क्लिक करना है और अगर **HTE** ऑप्शन नहीं आ रहा है तो **Quick Search** बॉक्स में **HTE** लिखकर सर्च करना है।





3. **HTE Application** पर क्लिक करते ही आपके सामने जो पेज आयेगा उसमें सलेक्ट ऑर्गनाईजेशन में **Rajasthan Paramedical Coucil/Paramedicalcouncil** को सलेक्ट करना है और सलेक्ट एप्लीकेशन में से **Paramedical Admission 2020-21** को सलेक्ट करना है और **Continue** पर क्लिक करना है।







4. इसके पश्चात् **Admission Form** नाम का पेज खुलेगा जिसमें आवेदक को अपनी जानकारी भरनी होगी।


Admission Form

नोट: कृपया सभी विवरण आवेदक के दस्तावेजों के अनुसार भरें, क्योंकि इन्हें बाद में बदला नहीं जा सकता। तारांकित (*) फील्ड भरना अनिवार्य हैं

कृपया 10 वीं मार्कशीट में प्रदर्शित नाम दर्ज करें | सैल्यूटेशन जैसे की - Mr., Ms., Mrs., Kumari, Kumar, Miss. की आवश्यकता नहीं है (Applicant's Name as appearing in the 10th Marksheet. Salutation like Mr., Ms., Mrs., Kumari, Kumar, Miss. not required):*
Enter Applicant's Name as appearing in the 10th Marksheet. Salutation like Mr., Ms., Mrs., Kur

पिता का नाम (Father's Name):*
Enter Father's Name

माता का नाम (Mother's Name):*
Enter Mother's Name

लिंग (Gender): *
Select Gender

जन्म तिथि (Date of Birth):*
Enter Date of Birth

ईमेल (Email Address):

राज्य (Domicile State):*
Select Domicile State

जिला (District):*
Select District

मोबाइल नंबर (Mobile Number - OTP will sent on this number for verification and this number will be used for further communication also): *

श्रेणी ए - जाति श्रेणी (Category A - Cast Category): *
General

SUBMIT Cancel Reset

(i) यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि आवेदक अपना एवं अपने माता, पिता का नाम दसवीं(सैकण्डरी) की अंकतालिका के अनुसार ही भरें क्योंकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् सभी दस्तावेजों में आपका एवं माता, पिता का नाम दसवीं(सैकण्डरी) की अंकतालिका के आधार पर ही लिखा जायेगा।

(ii) लिंग में महिला, पुरूष एवं ट्रांसजेंडर में से एक ऑप्श्न सलेक्ट करना है।

(iii) **जन्मतिथि(Date of Birth)** ऑप्शन में जन्म दिनांक एवं **ई–मेल(Email Address)** में स्वयं का ई–मेल एड्रेस भरना है जो कि चालू स्थिति में ताकि उस पर सूचनाओं का आदान–प्रदान किया जा सकें।


(iv) **राज्य(Domicile State)** ऑप्शन में दी हुई सूची में से अपना राज्य और जिला सलेक्ट करेंगें। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि आप यहाँ पर वही राज्य सलेक्ट करेंगें जहाँ के आप मूलनिवासी**(Domicile)** है और वहाँ का मूल निवास प्रमाण–पत्र**(Domicile Certificate)** बनवा रखा है क्योंकि अगर आप **राजस्थान** के अलावा कोई और राज्य सलेक्ट करते हैं तो **श्रेणी ए–जाति श्रेणी(Category A - Cast Category)** ऑप्शन आपको अपने आप ही सामान्य**(General)** श्रेणी का मान लेगा और ध्यान रहें कि

सामान्य वर्ग अनारक्षित वर्ग में आता है। अगर आप राजस्थान के मूलनिवासी है तो आपको दी हुई जाति श्रेणीयों**(SC, ST, OBC, MBC, EWS, Saharia)** में से एक श्रेणी को सलेक्ट करना है।

(v) <u>**मोबाईल नम्बर**</u> ऑप्शन में आपको अपना चालू मोबाईन नम्बर भरना है ताकि उस पर सूचनाओं का आदान–प्रदान किया जा सकें।

सभी सूचनाओं को भरकर **SUBMIT** बटन पर क्लिक कर **Confirm** बटन पर क्लिक करना है। क्लिक करने के पश्चात् आपके मोबाईल नम्बर पर एक **OTP** आयेगा जिसे आपको **OTP Box** में डालकर **Verify** बटन पर क्लिक करना है।

5. इसके पश्चात् **Personal Details** नाम का पेज खुलेगा जिसमें आवेदक को अपनी निजी जानकारी भरनी होगी। यहाँ पर कुछ जानकारियों पूर्व में भरें गये **Admission Form** पेज से आ जायेगी जिन्हें बदला नहीं जा सकेगा।


व्यक्तिगत विवरण (Personal Detail) | योग्यता विवरण (Qualification Detail) | पते का विवरण (Address Detail) | बैंक विवरण (Bank Detail) | दस्तावेज़ (Documents) | समीक्षा (Preview)

तारांकित (*) फील्ड भरना अनिवार्य हैं

आवेदक का नाम (Applicant's Name)
Mohit Jangid

आवेदक का नाम हिंदी में (Applicant's Name in Hindi):*
Enter Applicant's Name in Hindi
कृपया अंग्रेजी में शब्द टाइप करें और हिंदी में रूपांतरित करने के लिए Space दबाएं।

ईमेल (Email Address)
letmedothistoyou@gmail.com

पिता का नाम (Father's Name)
Om Prakash Jangid

पिता का नाम हिंदी में (Father's Name in Hindi):*
Enter Father's Name in Hindi
कृपया अंग्रेजी में शब्द टाइप करें और हिंदी में रूपांतरित करने के लिए Space दबाएं।

जन्म तिथि (Date of Birth)
31/12/2003

माता का नाम (Mother's Name)
Sunita Jangid

माता का नाम हिंदी में (Mother's Name in Hindi):*
Enter Mother's Name in Hindi
कृपया अंग्रेजी में शब्द टाइप करें और हिंदी में रूपांतरित करने के लिए Space दबाएं।

लिंग (Gender)
Female

मोबाइल नंबर (Mobile Number)
9887456123

लैंडलाइन नंबर (Landline Number):
STD - Landline Number

पहचान पत्र (Identity Proof):*
Select Identity Proof

पहचान पत्र विवरण (Details of ID Proof):*
Enter Details of ID Proof

श्रेणी ए - (जाति श्रेणी) (Category A - (Caste Category))
EWS

श्रेणी बी - 40% या अधिक विकलांगता (पीएच) (Category B - 40% or more disability(PH)):*
Select Category B - 40% or more disability(PH

WPP (पैरा-सैन्य कर्मियों के वार्ड) (WPP(Wards of Para-military personnel)):*
Not Applicable

WDP (रक्षा व्यक्तिगत के वार्ड) (WDP(Wards of Defense Personal)):*
Not Applicable

धर्म (Religion):*
Select Religion

वैवाहिक स्थिति (Marital Status):*
Select Marital Status

आदिवासी क्षेत्र (Tribal Area):*
Select Tribal Area

अल्पसंख्यक (Minority):
Select Minority

Save & Continue
Cancel

(i) इस पेज पर आवेदक को स्वयं का, माता और पिता का नाम हिन्दी में भरना होगा। इसके लिए आपको दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी में नाम लिखना होगा और अंत में **SPACE** बटन दबाना होगा। **SPACE** बटन को दबाते ही नाम स्वतः ही हिंदी में रूपान्तरित हो जायेगा अगर रूपान्तरित नाम हिंदी

के हिसाब से सही नही है तो आप **Back SPACE** दबाकर दिये गये ऑप्शन में से सही नाम चुन सकते हैं।

(ii) इसके पश्चात् आपको अपना पिन कोड सहित लैंडलाईन नम्बर(अगर हो तो) भरना हैं और साथ ही अपने पहचान पत्र का प्रकार चुनते हुए उसका विवरण यथा पहचान पत्र का नम्बर भरना है।

(iii) इसके पश्चात् **श्रेणी बी–40%या अधिक दिव्यांगता(पीएच)** ऑप्शन में जाकर **YES** (दिव्यांगता 40% या इससे अधिक हो तो) या **NO** को सलेक्ट करना है।

(iv) इसके नीचे **Ex-Servicemen** की दो श्रेणीयां (**WPP and WDP**) दी हुई हैं इसमें से आवेदक जिस भी वर्ग में आता हो उस ऑप्शन को सलेक्ट करना है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि आवेदक इन दोनो श्रेणीयों में से केवल एक (**WPP** या **WDP**) श्रेणी में ही आवेदन कर सकता है।

(v) इसके नीचे आवेदक को अपना धर्म और वैवाहिक स्थिति को सलेक्ट करना है।

(vi) इनके नीच आपको **आदिवासी क्षेत्र Tribal Area)TSP** का ऑप्शन मिलेगा(अगर आप राजस्थान के मूल निवासी है और **Admission Form** पेज पर मूलनिवासी राजस्थान का होना बताया है तो अन्यथा नहीं)। इस ऑप्शन में से अगर आप राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र के मूलनिवासी है तो आपको **YES** सलेक्ट करना है और अगर नहीं है तो **NO** को सलेक्ट करना है। यहाँ पर आप जैसे ही **YES** सलेक्ट करेंगें तो **अनुसूचित जिला (Tribal District)** की सूची और जिला सलेक्ट करने पर( संपूर्ण जिला आदिवासी क्षेत्र ना होने पर) **अनुसूचित तहसील (Tribal Tehsil)** की सूची और तहसील सलेक्ट करने पर( संपूर्ण तहसील आदिवासी क्षेत्र ना होने पर) **अनुसूचित गांव (Tribal Village)** की सूची खुलेगी। इसमें से आपको अपना जिला, तहसील, गांव को सलेक्ट करना है।

(vii) इसके नीच अगर आवेदक **अल्पसंख्यक (Minority)** से है तो **YES** सलेक्ट कर **अल्पसंख्यक नाम (Minority Name)** सलेक्ट करना है अथवा **NO** सलेक्ट करना है।


सभी सूचनाओं को भरकर **SUBMIT** बटन पर क्लिक कर **Confirm** बटन पर क्लिक करना है। क्लिक करने के पश्चात् अगले पेज पर चले जायेंगें।

6. इसके पश्चात् **Qualification Details** नाम का पेज खुलेगा जिसमें आवेदक को अपनी शैक्षणिक जानकारी भरनी होगी।

(i) इस पेज पर सर्वप्रथम आवेदक को अपनी कक्षा **दसवीं(सैकण्डरी)** की शैक्षणिक जानकारी भरनी होगी। मान लिजिये की आपके 500 में से 377 अंक आये हैं तो आपको **Aggregate Maximum Marks** में 500 एवं **Aggregate Marks Obtained** 377 अंक भरने हैं।

(ii) इसके पश्चात् आपको कक्षा **बारहवी(सीनीयर सैकण्डरी)** की शैक्षणिक जानकारी भरनी होगी। यहाँ पर यह बात उल्लेखनीय है कि आपको **Science Stream** सूची में से एक ऑप्शन (**PCB** या **PCM**) का चयन करना होगा। चयन करते ही की **Compulsory Subjects** सूची में 5 विषयों के अंक मांगे जायेंगें जिसमें से 4 विषय अंग्रेजी(**English**), भौतिक विज्ञान(**Physics**), रसायन विज्ञान(**Chemistry**) और जीव विज्ञान(**Biology**)/गणित(**Maths**) अनिवार्य हैं एवं पांचवा विषय हिन्दी(**Hindi**) या फिर तृतीय भाषा(**Third Language**) सलेक्ट करने पर अपनी तृतीय/श्रेत्रीय भाषा का नाम लिख सकते है।

यहाँ पर यह उल्लखनीय है कि काउन्सलिंग के दौरान मेरिट सूची आपकी कक्षा **बारहवी(सीनीयर सैकण्डरी)** के अंको के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार बनायी जावेगी। अतः जो विषय आवेदन फार्म में बताये गये हैं सिर्फ उन्हीं के पूर्णांको एंव प्राप्तांकों का विवरण यहाँ पर सही भरा जावें।



| व्यक्तिगत विवरण (Personal Detail) | योग्यता विवरण (Qualification Detail) | पते का विवरण (Address Detail) | बैंक विवरण (Bank Detail) | दस्तावेज़ (Documents) | समीक्षा (Preview) |
|---|---|---|---|---|---|

तारांकित (*) फील्ड भरना अनिवार्य हैं

**10th Qualification Details**

| State of Study* | Board* | Year of Passing* | Roll Number* | Marks Obtained* | Aggregate Maximum Marks* | Aggregate Marks Obtained* | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Rajasthan | RBSE | Select Year of I | Enter Roll Number | Select Marks Ol | Enter Aggregate M | Enter Aggregate M | |

**(10+2) Senior Secondary Details**

| State of Study* | Board/Council* | Science Stream* | Year of Passing* | Roll Number* | Marks Obtained* | Aggregate Maximum Marks* | Aggregate Marks Obtained* | Percentage(%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Select State of Study | Select Board | PCM | Select Year | Enter Roll Numl | Select Marks | Enter Aggregate | Enter Aggregate | |

**Compulsory Subjects**

| Subject* | Marking Schema* | Final Maximum Marks* | Final Marks Obtained* | Percentage(%) |
|---|---|---|---|---|
| English | Select Marks Obtained | Enter Marks | Enter Aggregate Marks Obtained | |
| Hindi | Select Marks Obtained | Enter Marks | Enter Aggregate Marks Obtained | |
| Mathematics | Select Marks Obtained | Enter Marks | Enter Aggregate Marks Obtained | |
| Physics | Select Marks Obtained | Enter Marks | Enter Aggregate Marks Obtained | |
| Chemistry | Select Marks Obtained | Enter Marks | Enter Aggregate Marks Obtained | |

**Appeared for Supplementary/Improvement in Senior Secondary:** ○ Yes ◉ No


**Migration Details**

| State* | Migration Issuer Authority* | Migration Serial Number* | Issue Date* | Passing Year* |
|---|---|---|---|---|
| Rajasthan | Enter Migration Issuer Authority | Enter Migration Serial Number | Enter Date of Issue | Select Year of Passing |

(iii) इसके पश्चात् अगर आप किसी विषय में **Supplementary/Improvement** में शामिल हुए हैं तो यहाँ पर उसका विवरण भरा जा सकता हैं। इसक लिए आपको **YES** सलेक्ट करना है ओर विवरण भरना है। एक से अधिक विषय होने पर **Add more Supplementary** बटन पर क्लिक कर विषय जोडा जा सकता हैं।


(iv) इसके पश्चात् आवेदक ने जहाँ से अपनी अन्तिम शिक्षा प्राप्त की हैं वहाँ के **Migration Certificate**(प्रव्रजन प्रमाण–पत्र) की जानाकारी भरनी होगी। इसमें सर्वप्रथम राज्य, और प्रव्रजन प्रमाण–पत्र के जारीकर्ता का नाम, उसके बाद प्रव्रजन प्रमाण–पत्र का क्रमांक, जारी होने की दिनांक एवं प्रशिक्षण कोर्स पास करने का वर्ष भरना हैं।

7. इसके पश्चात् **Address Details(पते का विवरण)** नाम का पेज खुलेगा जिसमें आवेदक को अपना **स्थायी पता(Permanent Address)** एवं **पत्राचार का पता(Correspondence Address)** पिन कोड सहित भरना होगा।




8. इसके पश्चात् **Bank Details** नाम का पेज खुलेगा जिसमें आवेदक को बैंक खाता से संबंधित जानकारी भरनी होगी। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि आवेदक बैंक से जुडी हुयी समस्त जानकारी सही भरें क्योंकि इसी बैंक खाते में आपके द्वारा जमा करायी गयी प्रतिभूति जमा राशि(**Security Deposit Amount**) को पुनर्भुगतान नियामनुसार किया जायेगा।

   (i) इसमें खाताधारक का नाम, खाता संख्या, बैंक का नाम, शाखा का नाम, आईएफएससी कोड और मोबाईल नम्बर की जानकारी देनी हागी।



(ii) यहाँ पर यह बात उल्लेखनीय है कि मोबाईल नम्बर में आपके बैंक खाते से लिंक मोबाईल नं. ही भरना है जिससे की आपके खाते में होने वाले किसी भी प्रकार के लेन–देन की सूचना आपको मिल सकें। सभी सूचनाओं को भरकर **Save and Continue** बटन पर क्लिक करना है। क्लिक करने के पश्चात् आपके मोबाईल नम्बर पर एक **OTP** आयेगा जिसे आपको **OTP Box** में डालकर **Verify OTP** बटन पर क्लिक करना है।

**9.** इसके पश्चात् **Documents** नाम का पेज खुलेगा जिसमें आवेदक को(स्वयं से संबंधित) मांगे गये दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करने हैं। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि अपलोड किये जाने वाली नवीनतम फोटो एवं हस्ताक्षर का साईज कम से कम 20 KB एवं अधिकतम 100 KB होना चाहिये एवं शेष दस्तावेजों का साईज 10 KB से 02 MB (2048 KB) के बीच होना चाहिए। अपालोड किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण निम्नलिखित है –

(i) नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ

(ii) हस्ताक्षर

(iii) कक्षा दसवीं (**Secondary**) की अंकतालिका

(iv) कक्षा दसवीं (**Secondary**) का बोर्ड द्वारा जारी उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र(यदि अंकतालिका के साथ जारी न कर अलग से जारी किया हो तो)

(v) कक्षा बारहवीं (**Sr. Secondary**) की अंकतालिका

(vi) कक्षा बारहवीं (**Sr. Secondary**) का बोर्ड द्वारा जारी उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र(यदि अंकतालिका के साथ जारी न कर अलग से जारी किया हो तो)

**नोट** : यहाँ पर यह बात उल्लेखनीय है कि अगर बोर्ड द्वारा जारी अंकतालिका मय उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र(Statement of marks cum Passing Certificate) है तो बिंदु सख्या **9(iv)** एवं **9(vi)** में आपको अपनी अंकतालिका ही अपलोड करनी होगी और अगर अंकतालिका एवं उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र अलग–अलग है तो अलग–अलग ही अपलोड करने है।

(vii) प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (**Migration Certificate**) जहाँ से अंतिम शिक्षा प्राप्त की हो

(viii) मूल निवास / बोनाफाईड प्रमाण–पत्र **(Domicile/Bonafied Certificate)**

(ix) जाति प्रमाण–पत्र **(EWS/OBC/MBC/SC/ST etc.)** यदि लागू हो तो

(x) Ex-Serviceman प्रमाण–पत्र **(WPP/WDP)** यदि लागू हो तो

(xi) विधवा / तलाकशुदा का प्रमाण–पत्र **(Widow/Divorcee)** यदि लागू हो तो

(xii) दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र(दिव्यांगता 40 या 40 प्रतिशत से अधिक होने पर) यदि लागू हो तो

(xiii) अल्पसंख्यक का प्रमाण–पत्र यदि लागू हो तो

(xiv) फोटोयुक्त पहचान–पत्र जो आपने बिंदु संख्या 5(ii) में सलेक्ट किया हो।